इज़रायली सेना ने राफा क्रॉसिंग पर कब्ज़ा किया

[स्रोत: बिज़नेस स्टैण्डर्ड]

इज़रायली सेना ने गाजा पट्टी और मिस्र के बीच राफा क्रॉसिंग पर कब्ज़ा कर लिया तथा फिलिस्तीनी क्षेत्र पर हवाई हमलों की एक रात के बाद उसके टैंक दक्षिणी गाजा शहर राफा में घुस गयी।

- राफा क्रॉसिंग के बंद होने से **गाजा पट्टी** में सहायता वितरण में बाधा आई, जिससे मानवीय संकट बढ़ गया।
- रा**फा क्रॉसिंग गाजा पट्टी से सबसे दक्षिणी निकास बिंदु है** और यह **मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप** के साथ सीमा साझा करता है।
  - क्रॉसिंग पर मिस्र का नियंत्रण है। यह एकमात्र निकास है जो इज़रायली क्षेत्र की ओर नहीं जाता है।
- गाजा के अंदर और बाहर दो अन्य क्रॉसिंग हैं; इज़राइल के लोगों के लिये उत्तर में इरेज़ और वाणिज्यिक वस्तुओं के लिये दक्षिण में **केरेम शालोम**।



//

और पढ़ें: राफा क्रॉसिंग

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/israeli-military-seizes-rafah-border-crossing